तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

13 विद्यार्थियों ने मनभावन प्रस्तुतियों से मोहा मन


13 खो-खो में उचाना व कबड्डी में नरवाना प्रथम


## खबर संक्षेप

### यूके भेजने का झांसा देकर दस लाख हड़पे

**जींद।** यूके भेजने का झांसा देकर दस लाख रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ौदा निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यूके जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उसकी मुलाकात गांव जलालपुरा निवासी अमिनेश से हुई थी।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**कैथल।** गांव कौल में हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ दिया। गांव कारसा के ईश्वर सिंह ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा विशाल बाइक पर गांव कौल से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने उसके भतीजे विकास की बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया था।

### स्कोर्पियो को लूटने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** हथियारों के बल पर स्कोर्पियो गाड़ी लूटने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो लोगों के बल पर लूट का मामला दर्ज किया है। घटना स्थल पंचकूला होने के कारण पुलिस ने जीरो एफआईआर कर पंचकूला भेज दी है। गांव बधाना निवासी मिलन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 16 जून को वह स्कार्पियो गाड़ी लेकर पंचकूला गया हुआ था।

### चोरों ने पाडला से लाखों रुपये की तार चुराई

**कैथल।** गांव पाडला से चोर लाखों रुपए के बिजली के तार चुरा कर ले गए। गांव पाडला के संजू वर्मा ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोर 16 अक्टूबर को गांव पाडला से 18 स्पेन की 4 किलोमीटर की तार चुरा कर ले गए। चुराए गए तार की कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई गई है। सहायक उप निरीक्षक राजेश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट करने पर पांच के खिलाफ मुकदमा

**जींद।** गांव सरनाखेड़ी में जमीन की निशानदेही करने से रोकने तथा मारपीट पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरनाखेड़ी निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका हरिराम परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते वह पटवारी को लेकर निशानदेही करवाने गया था।

*दुकानों के बाहर लगी सेल, अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित, धनतेरस का दिन खरीदारी करने के लिए सबसे शुभ*

# धनतेरस पर बाजार गुलजार, बन रही जाम की स्थिति

**चालक हर आदेशों को धत्ता बता कर भीड़भाड़ में घुस रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दीपोत्सव पर्व को लेकर बाजार ग्राहकों से पूरी तरह से गुलजार हैं। इस समय बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बची है। शहर के तांगा चौंक, पंजाबी बाजार, गांधी गली, मेन बाजार, पालिका बाजार, बैंक रोड, कपडा मार्केट में सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए पहुंचने शुरू हो जाते हैं। पूरा दिन बाजार में लोगों की भीड लगी रहती है। दुकानदारों ने ग्राहकों को रिझाने के लिए कई तरह की स्कीमें निकाली हुई हैं। इस समय बाजार का कोई ऐसा कोना नही हैं जहां भीड न हो। बाजार को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए अभियान भी चलाया गया था लेकिन त्योहारी सीजन को देखते हुए दुकानदार अभियान को टायं-टायं फिस्स कर रहे हैं। इस समय शहर थाना के सामने ही सबसे ज्यादा दुकानदारों ने अतिक्रमण किया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सामान बेचने के लिए बड़े-बड़े मेज लगाए हुए हैं। दीपावली पर्व को लेकर शहर के लोग ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शहर मे पहुंच रहे हैं। शहर के रानी तालाब के आसपास क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा सेल लगाई गई हैं। हालांकि पुलिस द्वारा जगह-जगह बेरिकेटिंग भी की हुई है लेकिन कई बार वाहन चालक हर आदेशों को धत्ता बता कर भीड़भाड़ में घुस जाते हैं और जाम का कारण बनते हैं। इस समय सबसे ज्यादा परेशानी का सबब दुकानदार ही बने हुए हैं।

## शादी के सीजन को देख लोग कर रहे खरीदारी



जींद। रोक के बावजूद वाहन लेकर बाजार में घुसे चालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

### अच्छे कारोबार की उम्मीद

शादियों के लिए भी लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं। ज्वैलर्स प्रदीप का कहना है कि आगामी विवाह सीजन को देखते हुए धनतेरस पर आभूषण खरीदने के लिए काफी लोगों ने एडवांस बुकिंग कराई हुई हैं। सोने व चांदी के दाम बढ़े होने के बावजूद अच्छा कारोबार होने की संभावना है। धनतेरस पर चांदी के सिक्के, बर्तन, मूर्तियों की ज्यादा बिक्री होती है। इस बार चांदी के पांच ग्राम का सिक्का भी बाजार में है। वहीं लक्ष्मी व गणेश की मूर्तियों के नए-नए डिजाइन भी आए हुए हैं। धनतेरस और दीपावली पर अच्छा कारोबार रहने की उम्मीद है।

### दिया जा रहा आफर

इलेक्ट्रोनिक्स सामान की लेकर ऑफर दिए गए हैं। एलईडी, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन अन्य उपकरणों के साथ कपडों पर भी कई तरह की स्कीमें दुकानदारों द्वारा निकाली गई हैं। इसके अलावा कंपनियों की तरफ से ग्राहकों को ऑफर भी दिए जा रहे हैं और दीपावली के अवसर पर छूट भी दी जा रही है।

### अच्छी खरीदारी की आस

धनतेरस का पर्व शनिवार को है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रोनिक्स सामान, आभूषण, बर्तनों व अन्य सामान की खरीद शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस पर्व पर जम कर खरीददारी होने की उम्मीद है। लोगों द्वारा धनतेरस पर कार, बाइक, इलेक्ट्रिक स्कूटी व अन्य वाहन, चांदी व सोने के आभूषण खरीदते हैं।

### यह है मान्यता

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान धनतेरस के दिन ही भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे। तभी से इस दिन को स्वास्थ्य, धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी इस दिन कोई चीज खरीदता है, उसमें कई गुणा वृद्धि होती है।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी, कुबेर और धन्वंतरि का पूजन किया जाता है।

## दिवाली पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नागरिक अस्पताल में स्पेशल सर्जिकल वार्ड बनाया, दवाओं की पूरी उपलब्धता, कम उम्र के बच्चों को पटाखों के पास न जाने दें, इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दीपावली पर्व को लेकर हर तरह की इमरजेंसी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को लेकर कोई अनहोनी होती है या बर्न केस आते हैं तो इसको लेकर स्पेशल सर्जिकल वार्ड बना दिया गया है। जिसमें दो बैड लगवाए हैं। इसके अलावा इमरजेंसी में आने वाले लोगों को बेहतर उपचार मिले, इसको लेकर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया द्वारा एमरजेंसी चिकित्सकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पीएमओ ने अधिकारियों के साथ सर्जिकल वार्ड को देखा और हर हाल में इमरजेंसी जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है।



जींद। नागरिक अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड। फोटो :हरिभूमि

### निर्देश जारी

दीपावली पर आतिशबाजी की जाती है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति (बर्न केस) होने का भय ज्यादा बना रहता है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां की हैं कि यदि कोई अप्रिय घटना हो जाए तो समय पर इलाज उपलब्ध करवाया जा सके। इसलिए सीएमओ डा. सुमन कोहली, पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने हिदायतें जारी की है। सभी स्वास्थ्य केंद्र के इंचार्ज को कहा गया है कि वे अपने स्तर पर सुनिश्चित करें कि इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहें। इतना ही नही अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, उपकरण आदि उपलब्ध हों। इसके अलावा ये भी सुनिश्चित करें कि नेत्र संबंधी समस्याओं, बर्न केसों को लेकर उपचार की सुविधा व दवाएं होनी चाहिए। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर स्वास्थ्य सेवाएं अलर्ट पर हैं। अस्पताल में सर्जिकल वार्ड बना कर बैड लगा दिए गए हैं। दिवाली को लेकर पटाखों से जलने वाले और आग संबंधी घटनाओं के पीड़ितों को उपचार देने के लिए अस्पताल की तैयारी पूरी हैं। दीवाली को लेकर आपातकालीन सेवाओं को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### शहर के अंदर से बसों का संचालन बंद

**जींद।** त्योहारी सीजन के चलते शहर में भीड़ बढ़ गई है। रानी तालाब, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, पटियाला चौक पर जगह-जगह स्टाल लगी हुई हैं। जहां लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए त्योहारी सीजन में शहर के अंदर से बसों का संचालन बंद कर दिया गया है। हांसी, असंध, कैथल, उचाना जैसे रूट वाली बसों का संचालन शहर के अंदर से किया जाता हैए जिन्हें अब पांडू पिंडारा नए बस स्टैंड से फ्लाईओवर से संचालन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर त्योहारी सीजन पर जो प्रवासी लोग ट्रेन के जरिए अपने घर जाना चाहते हैंए उनकी राह भी आसान नहीं है। आइआरसीटीसी साइट और एप डाउन ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। अवध-आसाम, पंजाब मेल और जम्मूतवी जैसे ट्रेनों में स्लीपर व थ्री एसी कोच में सीट नहीं मिल पा रही है। त्योहारी सीजन के चलते ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। लंबा सफर होने के कारण यात्री ट्रेनों में जाने को प्राथमिकता देते हैं ।

### परेशानी बढ़ी

त्योहारी सीजन के चलते ट्रेनों में चल रही वेटिंग रेलवे रिजर्वेशन विंडो अधिकारी धीरज ने बताया कि अवध-आसाम, जम्मूतवी, पंजाब मेल व हिमसागर जैसी ट्रेन में स्लीपर व थ्री एसी में सीट नहीं हैं। आइआरसीटीसी साइट की एप सलो होने की सूचना मिली थीए तनीकी कमी के चलते साइट चली रही है। त्योहारी सीजन में प्रवासी यात्री अपने घरों की ओर रवाना होते हैं। इस कारण ट्रेनों में वेटिंग चल रही है।



राजौंद। नीम वाला के पास सड़क किनारे पलटा हुआ ट्रैक्टर ट्राली।

### एक्सल टूटने से पेड़ से टकराया ट्रैक्टर

**राजौंद।** गांव नीम वाला के पास एक ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। धान के छिलके से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली का एक्सल टूटने से हादसा हुआ। गनीमत यह रही की ट्रैक्टर ड्राइवर दुर्घटना में बाल बाल बच गया। मामले की सूचना राहगीरों द्वारा पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली कैथल से धान के छिलके भरकर पानीपत स्थित एक पोल्ट्री फार्म जा रही थी। गांव नीम वाला मोड़ के पास अचानक ट्रैक्टर का एक्सल टूट गया। जिससे ट्राली बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े सफेद के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी की ट्राली में भरा धान की तूडी सड़क के किनारे गढ़ों में बिखर गई हादसे में ट्रैक्टर में काफी नुकसान पहुंचा है। इस बारे ट्रैक्टर के चालक करम सिंह ने बताया कि दूसरे ट्रैक्टर की व्यवस्था कर भूसा लोड करवाया जाएगा।

## अधिकारियों की लापरवाही से कचरे के ढेर में तबदील हो रहा अनाज

**नमी, बारिश व कीटों का निवाला बन रहा सरकारी दर पर खरीदा अनाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत स्थित सरकारी भंडारण स्थलों पर अनाज के रखरखाव में भारी लापरवाही उजागर हो रही है। सरकार द्वारा खरीदे गए गेहूं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संग्रहित करने की जिम्मेदारी अधिकारियों पर थी। लेकिन समुचित प्रबंधन के अभाव में यह गेहूं अब कूड़े में तब्दील होता जा रहा है। इस प्रकार की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए हाल ही में मुख्यमंत्री उडऩदस्ता और विभिन्न सरकारी विभागों की संयुक्त टीम ने खाद्य भंडारण स्थलों पर औचक निरीक्षण किया था। मौके पर न केवल गेहूं सड़ा मिला बल्कि उपयोग में लाया गया बारदाना और लकड़ी के क्रेट भी नष्ट हो चुकी हैं। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि भंडारण केंद्रों की दुर्दशा किसी खुले कूड़ा-घर जैसी प्रतीत होती है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार की तरफ से खरीदे गए गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है। अधिकारियों की लापरवाही से गेहूं नमी, बारिश और कीटों का निवाला बन रही है। जबकि यह अनाज जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए था। लेकिन लापरवाही ने इसे कचरे की भेंट चढ़ा डाला। मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की कार्रवाई के बाद भी संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है। इस स्थिति को लेकर लोगों में रोष है। वे सरकार से मांग कर रहे हैं कि लापरवाह अधिकारियों की सूची बनाते हुए त्वरित कार्यवाही हो।



कलायत। कलायत के भंडारण में सड़ रहा अनाज। फोटो :हरिभूमि

### रखरखाव करने में लगा विभाग

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर नवीन कुमार ने बताया कि अनाज के समुचित रख-रखाव के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उनके अनुसार, जो अनाज खराब हो गया है उसकी बोली लगाई जाएगी। ताकि उसका उचित निस्तारण किया जा सके।

### ठोस नीति अपनाई जाए

ताकि भविष्य में अनाज संरक्षण के लिए ठोस नीति अपनाई जाए। कलायत शहर में अनाज खराब होने का यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी व्यापक स्तर पर अनाज भंडारण में कोताही पर केंद्र एवं राज्य सरकार कदम उठा चुकी हैं। इसके तहत पिछले कुछ वर्ष पहले सांसदों ने भंडारण स्थलों का दौरा किया था। कुछ समय तो इसको लेकर अधिकारी हरकत में दिखे बाद समस्या ज्यों की त्यों बनती चली गई। इसलिए अनाज के एक-एक दाने, इसे संरक्षित रखने के लिए खर्च किए गए बजट, अनाज खराब होने के कारण और इससे हुए नुकसान का ब्यौरा तैयार करते हुए सरकार से ठोस कार्यवाही की मांग उठ रही है। इसके अनुसार समुचित जिला कैथल के भंडारणों की जांच में चौकाने वाले पहलु सामने आ सकते हैं।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस ने मारा छापा, 539 किलो बम, पटाखे बरामद

■ दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने उचाना मंडी में एक दुकान तथा गोदाम पर छापेमारी कर 539 किलो 67 ग्राम बम, पटाखे बरामद किए हैं। उचाना थाना पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि उचाना मंडी में दुकानदार कृष्ण अपनी दुकान पर बम, पटाखों का बेचने के उद्देश्य से भंडारण किया हुआ है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कृष्ण की दुकान पर छापेमारी की तो वहां पर 107 किलोग्राम बम, पटाखे बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस ने कृष्ण के गोदाम पर छापेमारी की तो वहां पर भी 432 किलो सात ग्राम बम, पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपित के दोनों ठिकानों से बरामद किए गए बम, पटाखों का वजन 539 किलो 67 ग्राम हुआ। उचाना थाना पुलिस बम, पटाखों को कब्जे में लेकर दुकानदार कृष्ण के खिलाफ एक्सपोलिसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने बम पटाखों के बेचने पर कानून रोक लगाई हुई। आरोपित ने आबादी के बीच विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया हुआ था।





# धुरंधर का टाइटल ट्रैक रिलीज, फिर दिखा रणवीर का एक्शन अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जबसे फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तबसे इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने 2 मिनट 39 सेकंड का ट्रैक जारी किया है, जिसके बोले हैं 'ना दे दिल परदेसी नू...'। इसमें अभिनेता रणवीर सिंह का खूंखार अवतार दिख रहा है और उन्हें फुल एक्शन मोड में देखा जा रहा है। एक्टर को दुश्मनों पर जोरदार वार करते देखा जा सकता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकियों का सफाया करता है।

लाइफ Style



# सामंथा

## मेरा सब सोशल मीडिया पर रहा

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने एक कार्यक्रम में अपने कॅरियर के साथ-साथ सोशल मीडिया को लेकर भी अपने विचार दिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर लाइक्स मिलना स्ट्रगल है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेरी लाइफ कोई परफेक्ट नहीं है, लेकिन मैं अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं। 'मैं केवल अपने सफर और अपनी जर्नी पर बात करती हूं। मैं दूसरो के सफर पर नहीं बोल सकती, लेकिन खुद के लिए बोल सकती हूं और जितना हो सके रियल रहने की कोशिश करती हूं। मेरी बीमारी, मेरा अलगाव...सब सोशल मीडिया पर रहा, खूब जज भी हुई और चीजों को लेकर ट्रोल भी हुई। सोशल मीडिया पर लोगों को इतनी एक्सेस मिल गई है कि ये कभी-कभी किसी के लिए बहुत डीमोटिवेटिंग भी हो सकता है, क्योंकि सबकी जिंदगी एक जैसी नहीं होती। सामंथा रुथ प्रभु ने कहा है कि यूथ को अपने मेंटर चुनने में बहुत सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि ये आपकी जिंदगी को बहुत प्रभावित करते हैं। तो सोशल मीडिया पर किसी को फॉलो करने से पहले आपको देखना चाहिए कि आप किसे फॉलो कर चुके हैं।

एक्ट्रेस अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुआ कहा, 'मैं बहुस साधारण परिवार से हूं, कभी मेरा परिवार खाने के लिए भी संघर्ष कर रहा था, जब मेरी पहली फिल्म हिट हुई मैं रातों रात स्टार बन गई। नेम, फेम, पैसा, शोहरत सब मिला। मैंने दो साल काम नहीं किया ,क्योंकि मैं चाहती थी कि ऐसा काम करूं जो बतौर एक्टर और इंसान मुझे कुछ बेहतर बनाए।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल में दोगुनी हो गई नेटवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट इस वक्त दुनिया की सबसे पॉपुलर, सबसे सफल, सबसे अधिक कमाई कर रहीं आर्टिस्ट हैं। 35 साल की इस सिंगर की आवाज और खूबसूरती के पीछे फैंस दीवाने हैं। दो साल पहले 2023 में वह अरबपति बनी थीं, तब उनकी नेटवर्थ 1.24 बिलियन डॉलर यानी करीब 10,904 करोड़ रुपए आंकी गई थी। लेकिन, अब एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिर्फ दो साल में अपनी संपत्ति लगभग दोगुनी कर ली है। वर्तमान में टेलर स्विफ्ट की कुल संपत्ति 2.1 बिलियन डॉलर (लगभग 18,450 करोड़ रुपए) आंकी गई है। इसका सबसे बड़ा श्रेय, टेलर स्विफ्ट के 12वें स्टूडियो एल्बम, द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल और उनके वर्ल्ड टूर को जाता है।




# टॉम क्रूज और एना डे अरमास का हुआ ब्रेकअप

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल और टॉप गन जैसी सफल फिल्में देने वाले हॉलीवुड के सुपरस्टार टॉम क्रूज पिछले कुछ महीने से 37 साल की एक्ट्रेस एना डे अरमास के साथ अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में थे। दोनों को जुलाई में साथ हाथों में हाथ डाले वेकेशन मनाते हुए स्पॉट किया गया था, जिसके बाद ही दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि, अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस का दिल टूटने वाला है। 63 साल के टॉम क्रूज का चौथी बार ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने और एना डे अरमास के साथ 9 महीने की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। एना डे अरमास और टॉम क्रूज ने म्यूचली अपने रिश्ते को खत्म करने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, दोनों ने एक-दूसरे के साथ जितना समय बिताया वह अच्छा था, लेकिन कपल के रूप में उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। वह दोस्त रहेंगे, लेकिन अब एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्हें ये एहसास हो गया था कि उनके बीच में दूरियां बढ़ रही हैं और वह ज्यादा समय बतौर पार्टनर रिश्ता नहीं चला पाएंगे।



# जॉय फोरम में एक साथ दिखे शाहरुख-आमिर और सलमान

**मुंबई।** यूट्यूबर मिस्ट बीस्ट यानी जिम्मी डोनाल्डसन ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीर से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। यह तस्वीर सऊदी अरब के रियाद में हुए जॉय फोरम से आई है। मिस्टर बीस्ट ने यह तस्वीर बीती 16 अक्टूबर को रात को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है। इस तस्वीर में मिस्टर बीस्ट को तीनों खान के साथ हैप्पी मोमेंट शेयर करते देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वीर में शाहरुख खान ऑल ब्लैक सूट-बूट पहने हुए नजर आ रहे हैं। 'मिस्टर बीस्ट' का भी डैपर लुक दिख रहा है।



# अर्जुन की झोली में आई राइज एंड फॉल की ट्रॉफी

**मुंबई।** अर्जुन बिजलानी शो 'राइज एंड फॉल' के पहले सीजन के विजेता बने हैं। छह फाइनलिस्ट में हुए मुकाबले में अर्जुन ने शो की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, आरुष भोला पहले रनरअप, अरबाज पटेल शो के दूसरे रनरअप रहे। रियलिटी शो की शुरुआत 15 प्रतिभागियों के साथ हुई थी। शो में अर्जुन बिजलानी, आरुष भोला और अरबाज पटेल तीन फाइनलिस्ट के रूप में चुने गए। इनमें से अर्जुन बिजलानी पहले सीजन के विनर बने हैं। शो 'राइड एंड फॉल' को 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया। यह शो प्रतिभागियों के सनसनीखेज और तीखे बयानों के चलते खूब सुर्खियों में रहा। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह भी इस शो में नजर आए। हालांकि, उन्होंने शो बीच में ही छोड़ दिया था। अर्जुन को ट्रॉफी के अलावा 28 लाख 10 हजार रुपए का नकद इनाम मिला है।

## टीवी मसाला




# घरवालों के लिए नेहल ने दिया बलिदान, फैमिली लेटर का किया त्याग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में अब हंगामे बढ़ते ही जा रहे हैं। हाल के एपिसोड में कैप्टेंसी टास्क हुआ, जहां फरहाना भट्ट एक ऐसा बोल्ड मूव लेती हैं, जिससे सब हैरान हो गए। खुद को कैप्टेंसी कंटेनडर्स की लिस्ट में रखने के लिए फराना ने नीलम गिरी के पैरेंट्स द्वारा लिखे लेटर को फाड़ देती हैं। फरहाना की इस हरकत से नीलम गिरी इमोशनल हो जाती हैं और रोने लगती हैं। इस पर गौरव खन्ना उन्हें लेटर के कुछ पीस देते हैं और उन्हें शांत रहने को बोलते हैं। लेकिन, फिर बिग बॉस इस टास्क को रद्द कर देते हैं, जिससे घरवाले हैरान हो जाते हैं। इन सबके बीच अब एक नया प्रोमो सामने आया है जिसमें बिग बॉस नेहल चुडासमा जो फिलहाल घर की कैप्टन हैं उन्हें दोबारा मौका देते हैं, लेकिन एक बड़े प्राइज के साथ। बिग बॉस नेहल को बोलते हैं कि उन्हें अपना लेटर सैक्रिफाइज करना होगा, ताकि बाकी कंटेस्टेंट्स को उनका मिल चुके। प्रोमो में बसीर अली और अशनूर कौर अपने लेटर पढ़ते हैं तो नेहा इमोशनल हो जाती हैं। फरहाना और बसीर जहां नेहल की तारीफ करते हैं। हालांकि रियल कंडीशन स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन प्रोमो से नेहल की ओर से एक बड़े त्याग का संकेत मिलता है। वहीं, इसके अलावा लेटेस्ट एपिसोड में अमाल और फरहाना के बीच बड़ा हंगामा हुआ है जब फरहाना, नीलम का लेटर फाड़ देती हैं। अमाल उनके फैसले को बुरा बताते हैं।

## बिग बी ने खोला अपना डाइट सीक्रेट

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 का जूनियर्स वीक चल रहा है। इसमें होस्ट अमिताभ बच्चन और कंटेस्टेंट्स के बीच इंट्रेस्टिंग बातें सामने आ रही हैं। अमिताभ बच्चन के सामने स्पृहा तुषार शिंखेड़े नाम की कंटेस्टेंट थीं। वह उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर तारीफ कर रहे थे। तभी उनकी मां ने बताया कि उनकी बेटी ऑल राउंडर तो है, लेकिन खाने में बहुत कच्ची है।



इस पर अमिताभ बच्चन ने बताया कि वह क्या-क्या खाते हैं। स्पृहा की मां ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उनकी बेटी धीरे-धीरे खाती है और बाकी चीजों में भी ढीली है। इस पर स्पृहा बिग बी से पूछती हैं, 'जैसे मैं धीरे खाती हूं, आपकी खाने-पीने की आदतें कैसी हैं?' इस पर अमिताभ बच्चन बोले, 'कुछ चीजें मैं नहीं खाता। चावल, केक, पेस्ट्री नहीं खाता। मुझे जलेबी पसंद है, लेकिन खा नहीं सकता। पर जो मिलता है खा लेता हूं।' अमिताभ बच्चन ने आगे बताया, 'एक रूटीन है जिसे मैं मेनटेन करता हूं, क्योंकि मुझे सेट्स पर जल्दी आना पड़ता है। वर्ना ये लोग नौकरी से निकाल देंगे। मैं रात के 1 बजे घर पहुंचता हूं। मुझे आप लोगों से जो प्यार मिलता है, उसी से पेट भरा रहता है।'

# इश्क से रोशन हुईं बॉलीवुड की दीपावली पार्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिवाली पार्टियां सोशल मीडिया पर इन दिनों छा चुकी हैं। इन पार्टियों की चर्चा के बीच कुछ रूमर्ड कपल्स भी खबरों में हैं। कुछ बेझिझक साथ दिख रहे हैं तो कुछ अलग-अलग एंट्री लेकर एक ही दिवाली पार्टी में दिखे हैं।

### सुहाना -अगस्त्य

शाहरुख खान की बेटी सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की डेटिंग की खबरें लंबे समय से सुनने को मिल रही हैं। लेकिन, इस कपल ने अब तक अपना रिलेशन ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया है। पिछले साल दोनों रानी मुखर्जी की दिवाली पार्टी पर साथ दिखे थे। इस साल डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। सुहाना और अगस्त्य का एक वीडियो भी वायरल भी पार्टी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों 'कजरारे ' सॉन्ग पर डांस कर रहे हैं।



### फातिमा -विजय

पिछले कुछ समय से विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की डेटिंग की भी चर्चा है। ये दोनों भी मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। फातिमा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर विजय वर्मा के साथ कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। विजय वर्मा की बात करें तो पहले वह तमन्ना भाटिया को डेट कर चुके हैं, लेकिन कुछ महीने पहले इनका ब्रेकअप हो गया।

### तारा सुतारिया-वीर पहाड़िया

तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का इश्क अभी नया-नया है। हाल ही में दोनों वेकेशन पर भी साथ गए। सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे की तारीफों के पुल तारा और वीर बांधते रहते हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में दोनों ने साथ एंट्री ली। पैपराजी को साथ में पोज दिए।


### इब्राहिम -पलक

सैफ अली खान के बेटे और एक्टर इब्राहिम अली खान टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के साथ अक्सर देखे जाते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स पलक को इब्राहिम की रूमर्ड गर्लफ्रेंड मानते हैं। मुंबई में हुई एक दिवाली पार्टी में इब्राहिम और पलक अलग-अलग पहुंचे। इस पार्टी से दोनों के अलग-अलग वीडियो भी वायरल हुए। बताते चलें कि पलक तिवारी की इब्राहिम अली खान की बहन सारा अली खान के साथ भी अच्छी बनती हैं। एक बार सारा, इब्राहिम और पलक को साथ में आउटिंग पर देखा गया था।

# दीपावली पर ओटीटी के साथ थियेटर गुलजार!

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर भारतीय दर्शकों का खूब मनोरंजन होने जा रहा है। फेस्टिव सीजन पर सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इनमें हॉरर-कॉमेडी से लेकर इंटेंस ड्रामा तक शामिल हैं। इनमें हर वर्ग के दर्शक के लिए फिल्में और सीरीज उपलब्ध हैं।

**महायोद्धा राम 3डी :** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर और मौनी रॉय की माइथोलॉजिकल एपिक महायोद्धा राम 3डी 17 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई। रायजादा रोहित जयसिंह वैद ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह 3डी फिल्म भगवान राम के राजकुमार से धर्म के लिए लड़ने वाले योद्धा तक का सफर दिखाएगी. इसमें जिमी शेरगिल और गुलशन ग्रोवर भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते दिखाई देंगे।



*भागवत चैप्टर 1 – राक्षस : यह मशहूर अभिनेता जितेंद्र कुमार और अरशद वारसी की डार्क थ्रिलर सीरीज है। इंस्पेक्टर विश्वास भागवत मिसिंग गर्ल्स केस को सुलझाते समय कुछ डार्क सीक्रेट्स को सामने लाता है। अक्षय शेरे ने इसे डायरेक्ट किया है। ज्योति देशपांडे ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज हो गई।*

**थामा :** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की वैम्पायर हॉरर-कॉमेडी का इंतजार इस दीपावली पर खत्म हो रहा है। इसमें रश्मिका मंदाना उनके अपोजिट दिखाई देंगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आदित्य सरपोतदार ने इसे डायरेक्ट किया है। मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में एक शख्स की कहानी है जो जाने-अनजाने में एक पिशाच को जगा देता है और खुद भी एक पिशाच बन जाता है।

**एक दीवाने की दीवानियत :** इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी दिखाई देगी. इसमें इंटेंस लव स्टोरी, पैशन, और हार्टब्रेक की इमोशनल कहानी है। मिलाप मिलन जावेरी ने इसे डायरेक्ट किया है। यह पहली बार है जब हर्षवर्धन और सोनम की जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कहानी में पिरोई गई है पारिवारिक ताने-बाने और रिश्तों की अहमियत

# बॉलीवुड की इन फिल्मों में दिखती हैं दीपावली की झलकियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्में हमेशा से हमारे समाज का आईना रही हैं। देश की सामाजिक समस्याओं से लेकर अलग-अलग हिस्सों के रीति-रिवाजों और कल्चर को दिखाने में ये फिल्में कभी पीछे नहीं रहीं। भारतीय त्योहारों की झलकियां भी इन फिल्मों में देखने को मिलती रही हैं। फिर चाहे वो होली हो या दीपावली। 20 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है तो हम उन फिल्मों की बात करेंगे जिनमें रोशनी के पर्व की खूबसूरत झलकियां देखने को मिलती हैं। इन फिल्मों में पारिवारिक ताने बाने की झलक भी दिखाई गई है।

### कभी खुशी कभी गम

'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान और जया बच्चन के बीच दिखाया गया प्रतिष्ठित दिवाली दृश्य हर सिनेप्रेमी के दिल में बसा हुआ है। जया बच्चन, शाहरुख खान की मां का किरदार निभा रही हैं। वो अनजाने में ही उनके आने का आभास कर लेती हैं। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन और करीना कपूर भी लीड भूमिकाओं में थे।

### मोहब्बतें

साल 2000 में आई शाहरुख खान की मशहूर फिल्म 'मोहब्बतें' में दिवाली का एक गाना 'जोड़ों में बंधन है' था। इस मधुर गाने ने सभी के दिलों में खास जगह बनाई है, खास तौर पर स्टार-स्टडेड कास्ट की वजह से। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी जैसे कई कलाकार भी थे।



### आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

*'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।*

### वास्तव

*संजय दत्त को गैंगस्टर के रूप में पेश करते हुए 'वास्तव' परिवार के महत्व के बारे में बात करती है। दिवाली के त्यौहार के दौरान संजय अपने परिवार से मिलने के लिए अपने ठिकाने से बाहर आते हैं। फिल्म में एक ऐसा क्षण था जहां संजय दत्त अपनी मां (रीमा लागू) को अपने द्वारा पहने जाने वाले सोने की कीमत समझाते हैं, जबकि सबसे मशहूर डायलॉग 'ये देख पच्चास तोला'बोलते हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नम्रता शिरोडकर, संजय नार्वेकर, मोहिनीश बहल, परेश रावल, रीमा लागू और शिवाजी साटम भी मुख्य किरदारों में थे।*

### हम आपके हैं कौन

साल 1994 की बॉलीवुड फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में दिवाली का एक प्यारा सा दृश्य था, जिसमें रेणुका शाहणे का किरदार त्यौहार के बीच ही एक प्यारे बच्चे को जन्म देता है। पूरा परिवार उसके आगमन के अवसर पर दिवाली मनाता है। इस फिल्म का एक पॉपुलर गाना 'दिक्तना' यादगार है। सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित और मोहनीश बहल भी अहम भूमिकाओं में थे।

### चाची 420

कमल हासन की 'चाची 420' में एक सीन था जिसमें चाची भारती की ट्यूटर के तौर पर दुर्गाप्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं, जहां वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं। 1993 की हॉलीवुड फिल्म मिसेज डाउटफायर से प्रेरित इस हिंदी कॉमेडी रीमेक में तब्बू, अमरीश पुरी, ओम पुरी, जॉनी वॉकर, परेश रावल, राजेंद्रनाथ जुत्शी, आयशा जुल्का, नासिर और फातिमा सना शेख ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

## खबर संक्षेप

### मातृ भाषा हिंदी का करें सम्मान : आरडी बिबयान

**कैथल।** हिंदी प्रचार सभा कैथल द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय नंबर 4 में हिंदी भाषा का प्रचार किया गया। कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता करवाई सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए तथा छात्रों को इनाम बांटे गए डॉक्टर आरडी बिबयान ने छात्रों को संबोधित किया तथा हिंदी की दिशा व दशा के बारे में बताया। हरि सिंह सिंहमार द्वारा छात्रों को भाषणकला के बारे में बताया गया तथा मैडम ममता ने हिंदी का ज्ञान प्रदान किया। बताया कि आज का युवा मातृ भाषा से दूर हो रहा है जो सही नहीं है। हालांकि सरकार द्वारा हिंदी को बढावा देने का प्रयास किया गया है लेकिन इस दिशा में अभी ओर कदम उठाने की जरूरत है। मुख्य अध्यापिका गूंजन ने छात्रों को संबोधित किया और हिंदी के बारे में बताया।

### आरकेएसडी कॉलेज में दीपोस्तव पर प्रतियोगिताएं

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के संध्याकालीन सत्र की महिला प्रकोष्ठ द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, दीया सजावट प्रतियोगिता, कंडील प्रतियोगिता, तोरण बनावट प्रतियोगिता, क्ले मोल्डिंग प्रतियोगिता तथा सेल्फी फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल भी लगाए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने राजीव शर्मा के नेतृत्व में रागिनी, गीत, समूह नृत्य और हरियाणवी स्किट का मंचन किया। आयोजन में कुल 80 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आशा ने मंच का संचालन किया। सेल्फी फ्रेम प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम व कोमल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्ले आर्ट प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, आशा ने द्वितीय व नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तोरण प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, राखी ने द्वितीय, रज्जी, महक और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**कैथल।** डीसी प्रीति ने रेडक्रॉस कैथल के सहयोग से संचालित होली पथ मूक बाधिर स्कूल में शुक्रवार को दीपावली पर्व मनाया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को मिठाई बांटी। इस अवसर पर उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहायतार्थ स्कूल में रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटिड की ओर से सीएसआर अनुदान के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। बच्चों के लिए अलग-अलग रूम बनाने से लेकर उन्हें अन्य संसाधन इस सीएसआर अनुदान के माध्यम से दिए जा रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को इन कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की सहायता के लिए आवश्यक शौचालय, चलने के रास्ते व अन्य सभी उपकरणों की व्यवस्था हो। साथ ही डीसी ने बच्चों के आवास एरिया का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीसी ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने अपील की कि सभी को अपनी क्षमता अनुसार समाज सेवा करनी चाहिए।

### न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में करवाई जाए

**कैथल।** माकपा राज्य सचिव मंडल ने हरियाणा पुलिस के आई पी एस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद पुलिस के ए एस आई संदीप लाठर की दुखद आत्महत्या पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि इस पूरे घटनाक्रम ने गृह विभाग के उच्च अधिकारियों की कार्यप्रणाली को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पार्टी राज्य सचिव प्रेमचंद ने सवाल किया कि जब आई पी एस अधिकारी की खुद की शिकायतों की सुनवाई न हो तो आम नागरिकों में न्याय के प्रति कैसे भरोसा पैदा हो सकता है? मौजूदा स्थिति में स्वतंत्र, पारदर्शी न्यायिक जांच और विभागीय कार्यप्रणाली में व्यापक सुधारों की जरूरत है। वरिष्ठ आई पी एस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने जाति के आधार पर की जा रही प्रताड़ना और पद के अनुरूप बर्ताव व सुविधाएं उपलब्ध न करवाने की शिकायतें संबन्धित अधिकारियों और तत्कालीन गृह मंत्री को दी थी। न्याय न मिलने से बढ़ती निराशा से आखिरकार मजबूर हो कर 7 अक्टूबर को अपनी जान दे दी।

### दिवाली का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में प्राचार्या साधना बख्शी के दिशा-' निर्देशन में दिपावली के त्योहार के उपलक्ष्य में छात्रों एवं छात्राओं द्वारा भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राध्यापक सुशील कुमार, विकास जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। बच्चो द्वारा कविता, भाषण, गीत, नृत्य, एकल न्त्य, सामूहिक गान प्रस्तुत कर दिपावली का त्योहार मनाया। बच्चों द्वारा रामायण के पात्र श्रीरामचंद्र, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन व हनुमान जी के चरित्र के बारे में गणगान किया गया अवसर पर प्राध्यापक सुशील ने संबोधन में कहा कि कि दिपावली का त्योहार बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। हमें भगवान रामचंद्र जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। जीवन में अनुशासन, सत्य व ईमानदारी को अपनाना चाहिए।

### फसल अवशेषों में आग न लगाएं किसानः एसडीएम

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गत दिवस तक विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लगभग 26 लाख 36 हजार 833 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। चीका मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 9 लाख 37 हजार 183 क्विंटल, हैफेड द्वारा 5 लाख 77 हजार 666 क्विंटल, हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 8 लाख 25 हजार 183 क्विंटल धान की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि गत दिवस खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रामथली मंडी में 2 लाख 17 हजार 921 क्विंटल, अरनौली मंडी में 55 हजार 775 क्विंटल, भागल मंडी में 23 हजार 105 क्विंटल धान की खरीद दर्ज की गई। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि फसल अवशेषों मे आग न लगाएं, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें। किसान धान के अवशेषों को बैलर मशीन के द्वारा गांठ बनाकर, उन्हें बेचकर अपनी आय को बढ़ा सकता है।

### विद्यार्थियों को दिया डिजिटल सुरक्षा का संदेश

**कैथल।** साइबर जागरूकता माह के दौरान थाना साइबर क्राइम के एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु ने जाट कॉलेज कैथल में विद्यार्थियों व स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सुविधा के साथ खतरे भी तेजी से बढ़ रहे हैं और साइबर ठग ऑनलाइन शॉपिंग, फर्जी कॉल, नकली लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग, लॉटरी या कैशबैक ऑफर का लालच देकर लोगों को ठग रहे हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग इन अपराधियों का सबसे आसान निशाना बन रहा है। उन्होंने समझाया कि बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बनकर आने वाली कॉल पर कभी भरोसा न करें क्योंकि कोई भी बैंक ओटीपी, पासवर्ड या खाता जानकारी नहीं मांगता। अनजान लिंक पर क्लिक करने या अविश्वसनीय ऐप डाउनलोड करने से मोबाइल का डाटा चुरा लिया जाता है।

### अधिकारियों को दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

**कैथल।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल द्वारा ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी और होमगार्ड को दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं जागरूकता सेमिनार पुलिस लाइन कैथल में प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यातायात पुलिस कर्मियों को आपातकालीन स्थिति में तुरंत एवं सही तरीके से प्रतिक्रिया प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए तैयार करना था सचिव रेड क्रॉस रामजीलाल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाएं एवं अन्य आपात स्थिति कभी भी हो सकती है और ऐसे समय में सही प्राथमिक उपचार से कई जान बचाई जा सकती हैं। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ बीरबल दलाल ने दुर्घटना स्थल पर घायल व्यक्ति को संभालने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया प्रशिक्षण के दौरान घायल व्यक्ति को चोट लगी है बेहोशी ,रक्तस्राव को रोकने, डूबते व्यक्ति को बचाने ,सांप काटे व्यक्ति को, कुत्ते काटे व्यक्ति को ,या किसी का किसी कारण से सांस रुक गया है तो उसे सी पी आर जैसी आपातकालीन तकनीक सी पी आर डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

### डिजिटल सतर्कता को अपनी आदत बनाएंः उपासना

**कैथल।** त्योहारों का मौसम खुशियों, खरीददारी और उपहारों के आदान-प्रदान का समय होता है, लेकिन यही वक्त साइबर ठगों के लिए भी सबसे ज्यादा 'कमाई का सीजन' बन जाता है। लोग ऑनलाइन शॉपिंग साइटों पर भारी छूट, कैशबैक और ऑफर की तलाश में रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर साइबर अपराधी उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना ने नागरिकों को आगाह करते कहा कि ठग प्रसिद्ध ई-कॉमर्स साइटों जैसी हूबहू दिखने वाली नकली वेबसाइटें तैयार करते हैं या सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, ईमेल आदि के माध्यम से फर्जी लिंक भेजते हैं। इन लिंक को वास्तविक समझकर लोग जैसे ही क्लिक करते हैं या अपनी निजी जानकारी साझा करते हैं, वैसे ही ठग उनके बैंक अकाउंट, पासवर्ड, ओटीपी, यूपीआई पिन जैसी गोपनीय जानकारी हासिल कर पूरी जमा-पूंजी साफ़ कर देते हैं।

### एसपी ऑफिस में तैनात सुनील एएसआई के पद पर प्रमोट

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल की सेना शाखा में कार्यरत सुनील कुमार को मुख्य सिपाही से एएसआई के पद पर प्रमोट होने पर एसपी उपासना ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले एएसआई सुनील कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा। प्रमोशन का पल कर्मचारी के लिए गर्व का पल होता है। इसके लिए कर्मचारी को कड़ी मेहनत और लंबा इंतजार करना पड़ता है।

## इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में रंगोली प्रतियोगिता

# विद्यार्थियों ने मनभावन प्रस्तुतियों से मोहा मन

### प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी मदर्स को पुरस्कृत किया

**नन्हे-नन्हे बच्चों ने स्टेज पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी के अभिभावक आमंत्रित थे। बच्चों की मदर्स ने रंगोली मेकिंग कंपटीशन में भाग लिया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने स्टेज पर बहुत ही मनभावन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि दिवाली हमें अधंकार से प्रकाश की ओर अर्थात नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाती है। इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि माता पिता और विद्यालय के बीच एक मजबूत संस्कृतनिष्ठ जुड़ाव भी स्थापित करते हैं।






जींद। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### समूह नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कैथल।** जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में शुक्रवार को समूह नृत्य प्रथम व द्वितीय समूहों में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में जिले के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के लगभग 175 बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर 2025 को बाल भवन में पुरस्कृत किया जाएगा।

### भाषण प्रतियोगिता से बताए नशे के दुष्परिणाम

**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय, कौल उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ और यूथ रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के निर्देशन में तथा डॉ. कुसुम के मार्गदर्शन में किया गया। नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ और तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल एवं यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की और पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। डॉ. मुकेश चहल ने कहा कि — "नशा आज समाज की गंभीर समस्या बन चुका है, जो युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी कमजोर बना रहा है। डॉ. मीनाक्षी ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।



कैथल। नुक्कड नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि



ढांड। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने किया नुक्कड नाटक का आयोजन

**कैथल।** कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत के प्रांगण में उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नशा जागरूकता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बतलाया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इससे घर ,परिवार, पैसा और स्वास्थ्य सब चीज नष्ट हो जाते हैं। युवा देश की कर्णधार होते हैं, उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए ।महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। जिसमें उन्होंने समाज में जागरूकता का संदेश देते दर्शाया कि किस प्रकार नशा एक घर को बर्बाद कर सकता है और अगर हम अपने जीवन में साफ सफाई और स्वच्छता को अपनाते हैं, तो समाज के नजरिए में बदलाव ला सकते है और सभी प्रेरणा लेकर इस मुहिम को आगे बढ़ा सकते है। नुक्कड़ नाटक से महाविद्यालय की सभी छात्राओं को जागरूक भी किया गया।



सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि एवं कैथल जिंदल हाउस के प्रभारी रविंद्र धीमान बातचीत करते।

### भव्य होगा सांसद खेल महोत्सवः रविंद्र

**कैथल।** सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कैथल में एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि एवं कैथल जिंदल हाउस के प्रभारी रविंद्र धीमान ने की। खेल विभाग के विभिन्न कोचों, प्रशिक्षकों तथा खेलों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव साझा किए। धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और सांसद खेल महोत्सव इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संसद का प्रयास है कि उनके क्षेत्र में होने वाला खेल महोत्सव सबसे अनूठा और अलग हो। बताया कि महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाना तथा स्थानीय खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना है।

### जरूरतमंदों में वस्त्र एवं मिठाई बांटी

**कैथल।** दीपावली के पवित्र पर्व पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने समाज में मानवीयता और संवेदनशीलता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने झुग्गी–झोपड़ी में जाकर जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र, मिठाइयां, दीये, तेल, मोमबत्तियां और अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की।विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता के नेतृत्व में हुए इस सेवा कार्य में बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ भाग लिया। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के साथ बैठकर दीप जलाएं मिठाइयां बांटी और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कई विद्यार्थियों ने कहा कि यह उनके जीवन की सबसे यादगार दीपावली रही क्योंकि पहली बार उन्होंने महसूस किया कि सच्ची खुशी बांटने में ही मिलती है।



कैथल। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी गरीब बच्चों को मिठाइयां बांटते ।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने मनाया दीपावली पर्व

**जींद।** भारत विद्या मन्दिर मिडल स्कूल में दीपावली पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राइमरी व प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम दरबार की वनवासी व राजसी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। राजसी झांकी में राम की भूमिका शौर्य कक्षा तीसरी, लक्ष्मण की भूमिका में पारस कक्षा तीसरी, सीता की भूमिका में धानी कक्षा तीसरी व हनुमान की भूमिका में सार्थक कक्षा प्रथम तथा वनवासी झांकी में वनवासी राम की भूमिका में चंदन कक्षा दूसरी, लक्ष्मण की भूमिका में सारांश कक्षा यूकेजी, वनवासी सीता की भूमिका में रेया कक्षा यूकेजी वनवासी हनुमान की भूमिका में आकांक्षा कक्षा दूसरी ने निभाई तथा रावण की भूमिका में दिवान कक्षा प्रथम तथा अमन कक्षा तीसरी रहे।

## कार्यक्रम के दूसरे दिन वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में शानदार मुकाबले

# खो-खो में उचाना व कबड्डी में नरवाना प्रथम

**बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्राथमिक क्रीडा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में शानदार मुकाबले हुए। दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल के निदेशक नरेंद्र नाथ शर्मा, प्राचार्या सुकीर्ति गौतम, ईएसएचएम जगदीश खटकड़, प्रशासक आशुतोष शर्मा तथा एईईओ अमित कुमार ने किया। प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने आए हुए सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, टीम इंचार्ज व बच्चों का स्वागत किया व जीत की शुभकामनाएं दी। प्रशासक आशुतोष शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इन खेलों के नोडल अधिकारी जोगेंद्र गिल व गौरव आशरी ने बताया कि आज दूसरे दिन लड़कों के मुकाबले हुएएजिसमें कैरम में जींद ने पहला तथा सफीदों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शतरंज में पिल्लूखेड़ा ने पहला तथा जींद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में नरवाना ने पहला तथा उचाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में उचाना ने पहला तथा जुलाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### रस्साकस्सी में जींद प्रथम

रस्साकस्सी के मुकाबले में जींद ने पहला तथा सफीदों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स के मुकाबलों में 100 मीटर दौड़ में जसप्रीत व मुकुल उचाना ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया 200 मीटर दौड़ में लवी अलेवा ने पहला तथा जसप्रीत उचाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400मीटर दौड़ में हर्ष उचाना ने पहला तथा आदित्य नरवाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में अनूज नरवाना ने पहला तथा भुपेश सफीदों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में समर व सचिन नरवाना ने पहला तथा दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में पूर्व उचाना ने पहला तथा लवी अलेवा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। योग की में शौर्य, अनिरुद्ध व संस्कार नरवाना ने पहला, दूसरा व तीसरा, पूर्व जींद ने चौथा स्थान, जस्सी उचाना ने पांचवां तथा दक्ष मालिक नरवाना ने छठा स्थान प्राप्त कर रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

## खबर संक्षेप

### करसोला की वर्षा ने कबड्डी प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव की बेटी वर्षा ने कबड्डी प्रतियोगिता में बेहरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया और गांव का नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया गया। माडूनाथ डेरे से ढ़ोल नंगाड़ो के साथ उसे गांव तक ले जाया गया। वर्षा के पिता कर्मसिंह मजदूर हैं और माता नीलम एक गृहणी हैं। वर्षा ने बताया कि चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में 11 से 12 अक्टूबर तक आयोजित सीनियर सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में पंजाब को हरा कर गोल्ड मेडल जीता है। भाजपा नेता यशवंत करसोला ने कहा कि वर्षा ने गोल्ड मेडल जीत कर गांव का नाम रोशन किया है। अन्य लड़कियों को भी चाहिए कि वो वर्षा से प्रेरणा लेकर खेल के क्षेत्र में मेहनत करते हुए गांव का नाम रोशन करें। इस मौके पर कोच प्रेम, कोच हरपाल नंबरदार और जगबीर आदि मौजूद रहे।

### बदलने लगा हरियाणा, बेटियों के जन्म पर बजती है थाली

**जींद।** गांव कटवाल में मोहन के घर में बेटी पैदा होने पर कु आं पूजन करवाया गया। मोहन ने कहा कि उससे बहुत खुशी है कि उनके घर पत्नी वर्षा ने बेटी को जन्म दिया है। आज लड़का-लड़की में कोई फर्क नहीं है। फर्क केवल सोच का है। आज किसी भी क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं है। वह लड़की की परवरिश लड़कों से बेहतर करेगें। लड़की माता-पिता की सेवा लड़कों से बेहतर करती है। एएनएम राजवंती ने बताया कि बेटी के पैदा होने पर गांव क टवाल में कुआं पूजन करके खुशी मनाई गई। वह काबिले तारिफ है। उन्होंने साबित कर दिया है कि आज लड़का-लड़की में कोई अंतर नहीं है। पूरा गांव लड़की पैदा होने पर खुशी मनाता है। ग्रामीण दूसरे गांव के लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर सीएचओ अन्नू, ब्लाक आशा कोर्डिनेटर विजेंद्र सिंह, स्वास्थ्य कर्मचारी दीपक मौजूद रहे।

### स्वच्छ पर्यावरण स्वच्छ समाज की आधारशिला : अंजू

**जींद।** आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शहर में पद यात्रा की गई। यात्रा से लोगों को प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया। अध्यापकों सहित विद्यालय के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरों से सावधान करते ग्रीन दीवाली मनाने का संदेश लोगों तक पहुंचाया। विद्यार्थियों के इस प्रयास की लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। पर्यावरण के असंतुलन से सभी को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पडता है । ऐसे में विद्यार्थियों के माध्यम से इस तरह के जन जागरूकता आयोजनों की बहुत आवश्यकता है। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जीवन में मानवीय मूल्यों का होना ही उसकी सार्थकता है। सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया और भविष्य में भी ऐसे ही देशहित व समाजहित के कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### एसडीएम ने ली जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की बैठक

**जींद।** लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि तथा किसान शामिल हुए। मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शामलात भूमि पर बने पुराने मकानों को वैध रूप से नियमित करने की प्रक्रिया को लेकर जानकारी देना तथा फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना था। एसडीएम ने बताया कि सरकार द्वारा एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी जारी की है। जिसके तहत गांवों की शामलात देह की गैर.कृषि भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले बने 500 वर्ग गज या उससे कम क्षेत्रफल वाले मकानों को नियमित किया जा सकेगा। यह योजना केवल उन्हीं ग्रामीण निवासियों पर लागू होगी जिन्होंने जोहड़ की भूमि या रास्ते में रुकावट बनने वाली भूमि को छोड़कर शामलात भूमि पर मकान बनाया है।

### शैक्षणिक योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय मेंटर मीटिंग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने की। अपने संदेश में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच निरंतर संवाद को शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक बताया तथा विद्यार्थियों से अपने भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के नोडल अधिकारी प्रो. लाभ सिंह ने कहा कि मेंटर पीटएम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी कठिनाइयाँ और सुझाव साझा कर सकते हैं। बैठक में प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। जिनमें पीटीएम के प्रति जागरूकता, भविष्य की शैक्षणिक योजनाएं, अनुशासन एवं पहचान पत्र जागरूकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, समय सारणी निर्माण, एनएसएस एवं एनसीसी गतिविधियां, छात्रवृत्ति योजनाएं, विवि परीक्षा एवं एबीसी आईडी तथा इंटर्नशिप कार्यक्रम शामिल रहे।

### बच्चों ने दीपावली के उपलक्ष में बनाई सुंदर रंगोली

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों की रचनात्मक व कलात्मक योग्यता के विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा चौथी के बच्चे दीपावली से संबंधित थीम पर पोस्टर बना कर लाए। पांचवी कक्षा से आठवीं कक्षा के बच्चे घर से सुंदर-सुंदर दीप व थालियां सजाकर लाए व नौवीं से 12वीं कक्षा के बच्चों ने विद्यालय में सुंदर-सुंदर रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इससे बच्चों को अपनी सनातन संस्कृति को जानने का अवसर प्राप्त होता है। प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यालय में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करती हैं।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में अर्थशास्त्र और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सांख्यिकी दिवस की पूर्व संध्या पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सांख्यिकी और डेटा साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डेटा के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य ने कहा कि सांख्यिकी आज के युग में नीति निर्माण, शोध कार्य और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक विषय है। प्रतिभागियों ने आंकड़ों के महत्व, डेटा स्रोतों की विश्वसनीयता और डेटा आधारित नीति निर्माण जैसे मुद्दों को रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से पेश किया। आयोजकों ने रंग, रचना, संदेश की स्पष्टता और सांख्यिकीय सामग्री की सटीकता को मूल्यांकन मानदंड बताया।

### हिंदू कन्या कालेज को मिला सर्वश्रेष्ठ संस्थान का अवार्ड

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग की छात्राओं ने छह से 15 अक्टूबर तक मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में आयोजित 10 दिवसीय श्वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। कालेज की छात्राओं ने हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिंदू कन्या कालेज जींद को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार मिला। इसी कैंप में कैडेट पूनम को सर्वश्रेष्ठ कैडेट का अवार्ड भी मिला। बाधा दौड़, थ्रो बाल, आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता में कालेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान, रस्साकसी एवं पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा टेंट लगाना, एक्सटेंपोर प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कालेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शानदार प्रस्तुति दी। समस्त कैडेट्स को बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की एवं भविष्य में इसी भावना के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी।

### दिवाली पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जुलाना।** दीवाली पर्व को लेकर कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कार्यकारी थाना प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में निकाला । फ्लैग मार्च में पुलिसकर्मियों ने पूरे बाजार में पैदल गश्त की। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि दिवाली के मौके पर लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। इसलिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फ्लैग मार्च आयोजित किया गया है। कहा कि पुलिस हर समय जनता की सेवा में तत्पर है और त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बाजार में लोगों से बातचीत कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### स्कूलों में पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर रोक

**जींद।** स्कूलों में बच्चों से पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर अब रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर अब जहां स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने एक पत्र भी जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में बिना अनुमति मैजिक शो के आयोजन करके बच्चों से अगर पैसे लिए जाते हैं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए आदेश के तहत सभी सरकारी व निजी स्कूलों को स्पष्ट रूप से यह भी आदेश दिए गए हैं कि यदि किसी स्कूल में मैजिक शो आयोजित करने की आवश्यकता हो तो उसके लिए पहले शिक्षा विभाग से अनुमति लेनी जरूरी होगी। साथ ही ऐसे आयोजनों के लिए किसी भी छात्र से फीस या टिकट के पैसे नहीं लिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुंडरीक तीर्थ पर हवन-यज्ञ के साथ छोड़ा पानी

**पूंडरी।** ऐतिहासिक पुंडरीक तीर्थ पर शुक्रवार सुबह हवन-यज्ञ के साथ स्वच्छ जल छोड़ा गया। जिससे तीर्थ सरोवर में एक बार फिर स्वच्छ जल का प्रवाह प्रारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में विधायक सतपाल जांबा व नगर पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया और वेद मंत्रों के साथ आहुतियां डालीं। यज्ञ आचार्य राघवाचार्य ने वैदिक विधि से यज्ञ संपन्न कराया तथा उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश दिया।

### आज छुट्टी के दिन करवा सकते हैं जमीन की रजिस्ट्री

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि धनतेरस के पावन पर्व पर छुट्टी के दिन भी सभी तहसील और उप तहसील में लोग जमीन की रजिस्ट्री करवा सकेंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के मंच से पूरे प्रदेश में धनतेरस के पर छुट्टी होने के बावजूद तहसील और उप तहसील कार्यालय को खोलने की घोषणा की।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 19 को

**जींद।** गांव रिटोली में युवा विकास समिति द्वारा 19 अक्टूबर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि शिविर में मुख्यअतिथि युवा नेता दिनेश जामनी शिरकत करेंगे और युवाओं की हौंसलाअफजाही करेंगे। युवा विकास समिति के महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान, जागृति कलाकार रामधन गोस्वामी, सतीश शर्मा गांव के सरपंच व पूर्व सरपंच मौजूद रहेंगे।

### जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता 22 को

**कैथल।** जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता व ट्रायल का आयोजन आर्यन इंटरनेशनल स्कूल कैथल में किया जाएगा। इसमें चयनित खिलाडियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जानकारी देते हुए जिला रोलर स्केटिंग संघ कैथल के सचिव रणबीर सिंह ने बताया कि इसके लिए खिलाडी अपना फार्म 22 अक्टूबर तक स्केटिंग कोच प्रिंस मलिक के पास हुडा सेक्टर 20 में जमा करवाएं।

### अदालत ने लूट के मामले में आरोपी को किया बरी

**कैथल।** अतिरिक्त सेशन जज डॉ नंदिता कौशिक ने लूट के एक मामले में आरोपी अनिल निवासी बहादुरगढ़ को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। इसी मामले में इससे पहले चार आरोपियों बब्बू उर्फ काला व सुनील निवासी बाहरी जिला करनाल, सुखबीर व हरिओम निवासी बहादुरगढ़ को तत्कालीन एडीजे आरएस चौधरी की अदालत से 19 जुलाई 2012 को सात सात साल की सजा हुई थी। इस बारे में गांव फरल निवासी अर्जुन दास ने 29 जनवरी 2010 को थाना पूंडरी में दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडवोकेट अर्पित गुप्ता ने की।

## भाजपा सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम

# सरकार का एक साल घणा कमाल 11 साल तरक्की बेमिसाल : मिड्ढा

**एससी वर्ग को कोटे के भीतर कोटा देकर सरकार ने सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया है बड़ा कदम : डा. कृष्ण मिड्ढा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि नायब सरकार का एक साल घणा कमाल अर 11 साल तरक्की बेमिसाल के रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नॉन स्टॉप रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जन कल्याण, सामाजिक न्याय और समग्र विकास के निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने एससी वर्ग को कोटे के भीतर कोटा देकर हरियाणा सरकार ने सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने किसानए गरीब एवं कमरे वर्ग के हितों में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू की है।

**डॉ. मिड्ढा ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी**

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जनविश्वास-जन विकास गौरवमयी एक वर्ष के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर पंचकुला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। डिप्टी स्पीकर ने जन संपर्क विभाग द्वारा तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि नए मंत्रीमंडल के गठन के साथ ही प्रदेश के 24 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा था कि शपथ ग्रहण करने से पहले ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देंगे और उन्होंने अपना वादा निभा कर एक नई मिसाल साबित की। हरियाणा की पात्र महिलाओं को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत नवंबर माह से 2100 रुपये की वित्तिय सहायता दी जाएगी। आज मुख्यमंत्री ने बुढ़ापा पैंशन में बढ़ौतरी की घोषणा की है अब बुजुर्गों को सम्मान भत्ता तीन हजार रुपये से बढ़ा कर 3200 रुपये दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया करवाना शुरू किया था डिप्टी स्पीकर ने कहा कि कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति 2025 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा।



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए डा. कृष्ण मिड्ढा।

### बिना खर्ची बिना पर्ची दी नौकरी

*सरकार द्वारा एक वर्ष के दौरान ही बिना पर्ची बिना खर्ची के 33949 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी देने का काम किया और 17 हजार पदों की भर्ती की भी प्रक्रिया जारी है। अब युवाओं का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है कि प्रदेश में पढ़ाई के बलबूते पर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शामलात भूमि पर मालिकाना हक गरीबों की जमीन का अधिकार, अग्नि वीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण सैनिकों के लिए भविष्य सुरक्षित और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना से सभी के घर में उपलब्ध कराने का काम किया गया है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोत्तरी करते हुए नागरिक अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। जिसका सारा खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इससे लगभग 20 हजार मरीज लाभ उठा चुके है।*

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एडीसी विवेक आर्य, नगर परिषद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी, जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, गोविन्द, गुलशन आहूजा, अनिल आशरी, जसबीर सैनी, राममेहर, रामफल शर्माए कृष्ण रेढू आदि मौजूद रहे।

### विवाह शगुन राशि 71 हजार रुपये की

अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को 35 किलोग्राम प्रति परिवार तथा बीपीएल परिवारों को प्रति सदस्य पांच किलो का खाद्यान्न प्रति माह दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न पदार्थों को दिसंबर 2028 तक निशुल्क वितरित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से मिलने वाले 31 हजार तक की शगुन राशि को बढ़ाकर 71 हजार भी कर दिया गया है।


**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी महिलाओं को प्लाट आवंटन प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

## सरकार ने संकल्प पत्र के 46 वादे किए पूरे : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला साल बहुत ही कमाल का रहा, वहीं भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे।

पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 158 वादों पर काम प्रगति पर है। बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जन विश्वास-जन विकास समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि संबोधन दे रहीं थीं। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक लीला राम भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 36 लाभार्थियों 100-100 गज प्लाट के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 11 सालों में बहुत ही ऐतिहासिक कार्य किए हैं। सरकार ने पिछले एक साल में चहुंमुखी विकास कार्य किए हैं। जिसमें मुख्य रूप से लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत करके महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है।

### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर डीसी प्रीति, जिप सीईओ सुरेश राविश, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, विनोद कुमार सांघन, सुषमा देवी, सुरेश संधु, सुरजीत नैन, राममेहर, रामकुमार नैन, कुशलपाल आदि मौजूद रहे।*

# युवक-युवती मंडल गठन की प्रक्रिया हुई सरल

■ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करेंगे युवा मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

युवा क्लबों के गठन को लेकर लघु सचिवालय कलायत में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलायत के एसडीएम अजय हुड्डा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अजय हुड्डा ने कहा कि सरकार के नए नियमानुसार 15 से 29 साल का युवा व युवती ग्राम स्तर पर युवा क्लब का गठन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरकार द्वारा युवा व युवती क्लब गठन की फीस को काम करते हुए इसे मात्र 100 रुपये कर दिया गया है तथा इसकी गठन की प्रक्रिया भी सरल कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि युवा क्लब के माध्यम से युवा व युवतियां जहां समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम करेंगे तो वही वह अच्छे कार्य जैसे युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव तथा लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने के लिए जागरूक करने के साथ साथ राष्ट्र निर्माण करते हुए देश की विकास में सहयोग करेंगे। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायती अधिकारी कार्यालय कैथल को आदेश दिए कि वह इसे लेकर जल्द ही खंड विकास एवं पंचायती अधिकारियों की बैठक का आयोजन करें ताकि सरपंचों को जानकारी दे सके।


**कैथल।** एसडीएम अजय हुड्डा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### 10 से 20 युवा मिलकर बना सकते हैं क्लब

कार्यक्रम में जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में युवा कार्यक्रम को औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में विलय कर दिया है। इसके तहत वर्षों से बंद या निष्क्रिय हो चुके युवा व युवती क्लब को दोबारा से सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा क्लब के गठन में केवल स्कूल या कॉलेज के विद्यार्थी ही नहीं बल्कि ग्राम या शहर का कोई भी युवा या युवतियां एकत्रित होते हुए युवा या युवती क्लब का गठन कर सकते हैं। क्लब के गठन के लिए 10 से 20 का समूह होना अनिवार्य है। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक अनिल ढुल, नरेश पंवार आदि उपस्थित रहे।

# बाल भवन में हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का दम

*845 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बाल भवन में चल रहे जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगराधीश मोनिका रानी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया। समूह नृत्य के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ समूह की प्रतियोगिता में जिलेभर से 74 स्कूलों के लगभग 845 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। नगराधीश ने जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल व सभी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतना बड़ा कार्यक्रम करना आसान कार्य नहीं है।

आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका पूर्व प्रोफेसर जयवीर ढांडा, डा. सुमिता आशरी, डा. मुकेश रेढू, हिमानी गुप्ता और प्रोफेसर जितेंद्र शर्मा ने निभाई। इस अवसर पर राकेश कुमार कार्यक्रम अधिकारी, कशिश सिंगला लेखाकार, विनोद कुमार लिपिक, मोती राम परामर्शदाता, प्रदीप शर्मा और नरेश जागलान मौजूद रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिताओं में एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना प्रथम, आधारशिला पब्लिक स्कूल जींद द्वितीय, तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल भांभेवा तृतीय स्थान पर रहे तथा डीएवी पुलिस स्कूल जींद के बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।


**जींद।** बाल भवन में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि।



**राजौंद।** सफाई अभियान के दौरान विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की थीम पर की सफाई

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजूकेशन किठान के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षा मंत्रालय की ओर से यह स्वच्छ पखवाड़ा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की थीम के अंतर्गत चलाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ निर्मल सिंहरोहा ने की। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी बीए बीएड, बी.एस.सी.बीएड और बीएड के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कालेज प्रांगण की पार्कों की, अपने कक्षा कक्ष की और कॉरिडोर की सफाई की।इस दौरान सभी स्टाफ सदस्य ने सहयोग किया। कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामफल ढांडा ने इस उत्साह के लिए सभी को हार्दिक बधाई दी। इस दौरान कॉलेज एम डी विकास ढांडा ने कहा की सफाई अभियान से आपसी मेल जोल को बढ़ावा मिलता है। जिसमें प्राचार्या ने स्वयं सफाई कर स्वयंसेवक बनने का संदेश दिया। इस दौरान सभी ने अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने की और देश को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली।

# शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर डीईओ कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को बचाने व शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज़ोरदार प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया।

**हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने की नारेबाजी**

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, संगीता अहलावत,शीशपाल शर्मा,संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, सहसचिव शमशेर कालिया, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमपाल भाल, सचिव शिवचरण, छज्जू राम, सावित्री देवी, जसबीर सिंह, सुरेंद्र पहलवान, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रमेश हरित व सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने आंदोलन की जानकारी दी।



**कैथल।** डीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते अध्यापक।


**जींद।** नगूरां खरीद केंद्र पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### नगूरां खरीद केंद्र पर 30 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग ने एनसीडी व निरोगी हरियाणा कार्यक्रम के तहत नगूरां खरीद केंद्र पर 30 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने लोगों को बताया कि गैर संचारी रोग संक्रामक नहीं होते। इन रोगों के फैलने का मुख्य कारण अस्वास्थ्य कर आहार, व्यायाम की कमी, अप्रयाप्त नींद, धूम्रपान, शराब का सेवन और तनाव है। इस कार्यक्रम के तहत हृद्वय रोग, कैंसर, मधुमेह और सांस संबधित फेफड़ों की पुरानी बीमारियों की समय से पूर्व जांच करके मरीज को बचाना होता है। इस दौरान टीम ने 30 वर्ष से ऊपर लोगों के बीपी शुगर, हिमोग्लोबीन, बीएमआइ की जांच की। इसके अलावा निरोगी कार्यक्रम के तहत छह माह से 60 वर्ष तक के लोगों के जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से कम है। उनके मुफत में 25 बीमारियों के लैब टेस्ट कराने की सलाह दी। निरोगी क र्यक्रम का उद्धेश्य एक रोग मुक्त भारत का लक्ष्य एवं स्वास्थ्य नागरिक बनाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी नरेंद्र कुमार, लैब टेक्रीशीयन राकेश, ट्रेनिंग विद्यार्थी विनीत के अलावा एएनएम हरिता तथा आशा वर्कर जुगेश, सीमा आदि उपस्थित थी।

# विधायक ने करवाया 165 घरों में उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने पूंडरी हलके में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल पेश की है। उन्होंने दिवाली पर पूंडरी हलका के 165 घरों में उजियारा करवाया। उन्होंने उन गरीब लोगों को राहत देने का काम किया है, जिनके घर का उजाला आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अंधकारमय हो गया था। विधायक सतपाल जांबा ने दरियादिल दिखाते हुए पूंडरी हलके के ऐसे 165 उपभोक्ताओं की पहचान की, जिनका पैसों की कमी के कारण घर का बिजली का कनेक्शन कट गया था।

इन परिवारों को अपने निजी कोष से आर्थिक सहायता करके उनके बिजली के कनेक्शन को शुरू करवाया तथा दीपावली के इस अवसर पर उनके घर में उजाला कर दिया। विधायक सतपाल जांबा सफाई अभियान सहित अनेकों अनोखी पहलों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने हलके में निरंतर विकास कार्य करवा रहे हैं।



### सेवा का यह सफर जारी रहेगा

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए नई-नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करते हुए सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार समाज सेवा करनी चाहिए। पूंडरी में आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा।

## खेलकूद — 58वीं हरियाणा राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगित जींद में संपन्न

# नरडांचल स्कूल के खिलाड़ियों ने खो-खो में जीता गोल्ड और ब्रांज

*खो-खो लड़के व लड़कियों में कैथल जिला ओवरऑल चैंपियन रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

58 वीं हरियाणा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगित खो खो जींद में संपन्न हुई। जिसमें कैथल जिला के लड़के और लड़कियों का बहुत शानदार प्रदर्शन रहा । खो-खो लड़के और लड़कियां में कैथल चैंपियन रहा। अंडर 17 लड़के और लड़कियों की टीम में लगभग सभी खिलाड़ी नरड़ांचल स्कूल से खेल रहे थे। सभी खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय खो-खो कोच रणदीप ढुल को दिया।

9 से 11 अक्टूबर तक कुरुक्षेत्र जिले में चल रही सीनियर स्टेट में कैथल जिले की टीम ने महिला व पुरुष वर्ग में ब्रोंज मेडल हासिल किया। कैथल जिले की टीम में नरडांचल स्कूल के लगभग सभी खिलाड़ी हरसोला गांव से व लड़कियों की टीम में सात खिलाड़ी नरडांचल स्कूल से खेल रही थी वही 12 से 14 अक्टूबर 58 वीं हरियाणा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जिसका आयोजन जींद में हुआ जिसमें कैथल जिले की टीम ने अंडर-17 लड़कों की टीम ने फाइनल मुकाबले में जींद को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया व अंडर- 17 लड़कियों की टीम ने हार्ड लाइन मैच में झज्जर जिले की टीम को हराकर ब्रोंज मेडल हासिल किया। आज स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के एम डी सुरेश नैन ने बच्चों को जीत की बधाई दी। स्कूल की प्रिंसिपल सीमा रानी ने बच्चों को जीत की बधाई देते हुए अन्य बच्चों को भी खेलों का महत्व बताया।


**कैथल।** खिलाडियों को सम्मानित करते नरडांचल स्कूल के एमडी सुरेश नैन

### कैथल के 20 खिलाड़ी आगे प्रतियोगिता में जाएंगे

डी पी ई ने बताया कि अबकी बार खो-खो लड़के व लड़कियों में कैथल जिला ऑलओवर चैंपियन रहा। अब की बार अंडर-19 लड़के सिल्वर मेडल वी अंदर-19 लड़कियां गोल्ड मेडल अंडर -17 लड़के गोल्ड मेडल अंडर- 17 लड़कियां ब्रोंज मेडल अंडर -14 लड़के गोल्ड मेडल अंडर -14 लड़कियां सिल्वर मेडल अबकी बार कैथल जिले ने इतिहास रच कर बताया कि कैथल जिला खो-खो का एक विशाल हब बन गया है। आगामी दिनों में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कैथल जिले से लगभग 20 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।